वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 207 | शनिवार 25 नवम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# आज मतदाता दिखाएंगे अपने 'मत की ताकत'

## अब मतदाताओं के हाथ नेताओं की किस्मत, सुबह 7 बजे से शुरू होगी वोटिंग

### महिला कार्मिकों के हाथ होगी 8 बूथों की कमान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

विधानसभा चुनाव के तहत शनिवार, 25 नवंबर को जयपुर के 19 विधानसभा क्षेत्रों के 4 हजार 691 मतदान बूथों पर 50 लाख 47 हजार 219 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने जिले के सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी मतदाता 25 नवंबर को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। वहीं, शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षकों, जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं विभिन्न समन्वयक अधिकारियों की उपस्थिति में मतदानकर्मियों की रवानगी का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं मतदान रवानगी स्थलों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजपुरोहित ने विधानसभा चुनाव में नियोजित कार्मिकों को चुनाव कार्य संपूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी से कार्य संपादन के निर्देश दिए। अतिरिक जिला कलेक्टर (प्रथम) दिनेश कुमार शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) अबू सूफियान चौहान ने भी मतदानकर्मियों से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जयपुर जिले के सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 4 हजार 691 में से 2 हजार 360 बूथों पर लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। वहीं, बूथों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जयपुर कलेक्ट्रेट में केन्द्रीयकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की जाएगी। जहां प्रशिक्षित कार्मिक हर बूथ की हर एक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 महिला बूथ स्थापित किए गए हैं। जिनमें मतदान दल की सभी कार्मिक महिलाएं होंगी। इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 युवा मतदाता बूथ स्थापित होंगे जिनकी कमान युवा कर्मचारियों एवं अधिकारियों के हाथों में होगी।



### राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में होगा ईवीएम संग्रहण

25 नवंबर को मतदान के पश्चात जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में ईवीएम एवं वीवीपैट का संग्रहण किया जाएगा। कॉमर्स कॉलेज में चौमूं, फुलेरा, चाकसू, किशनपोल, विद्याधर नगर, आमेर, विराटनगर, जमवारागढ़, बस्सी एवं शाहपुरा सहित कुल 10 विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम सामग्री का संग्रहण किया जाएगा। वहीं, राजस्थान कॉलेज में झोटवाड़ा, बगरू, दूदू, सांगानेर, आदर्श नगर, सिविल लाइन्स, मालवीय नगर, हवामहल एवं कोटपूतली सहित कुल 9 विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम का संग्रहण किया जाएगा। इस व्यवस्था के सफल संचालन के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतदान दलों की वापसी पर चुनाव वाहन मतदान दल को नियत प्रवेश द्वार पर ही उतारेंगे। उन्होंने बताया कि संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के लिए संग्रहण स्थल पर ईवीएम जमा करवाने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत पीआरओ को रिटर्निंग अधिकारी की टीम द्वारा टोकन जारी किया जाएगा। जिसके बाद पीआरओ वेटिंग एरिया में अपनी बारी का इंतजार करेंगे एवं उसके पश्चात ईवीएम सामग्री जमा करवाएंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर के गांधी सर्किल एवं कॉमर्स कॉलेज के पास झालाना डूंगरी की ओर जाने वाली सड़क के मोड़ पर चुनाव वाहनों के सुगम संचालन हेतु पुलिस द्वारा विशेष निगरानी की जाएगी। जेएलएन मार्ग पर किसी भी प्रकार का वाहन नहीं रुकेगा जब तक कि वे वहां निर्धारित ना हो।

### आदर्श बूथों में बिखरेगी लोकतंत्र के महापर्व की छटा

जयपुर जिले में 29 आदर्श मतदान केन्द्रों की भी स्थापना होगी। 10 शहरी विधानसभा क्षेत्रों में 2-2 एवं 9 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक आदर्श बूथ की स्थापना होगी। आदर्श बूथ पर मतदाताओं को लोकतंत्र के महोत्सव की छटा देखने को मिलेगी। इन बूथों में ना केवल आकर्षक सजावट करवाई जाएगी साथ ही यहां मतदाताओं के स्वागत, पेयजल सहित बैठने के लिए समुचित इंतजाम करवाएं जाएंगे। वहीं, युवा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए सभी मतदान बूथों पर सेल्फी पॉइंट लगाए जाएंगे। साथ ही, नव मतदाताओं को प्रथम मतदान का प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा।

### अंतिम प्रशिक्षण के बाद रवाना हुए मतदान दल

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज, जमवारामगढ़ रोड स्थित जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय एवं जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज से अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 4 हजार 691 मतदान दल चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए अपने मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुए। मतदान दल रवानगी से पहले चुनाव कार्य में नियोजित किए गए कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया। भवानी निकेतन कॉलेज से प्रथम पारी में चौमूं विधानसभा क्षेत्र के लिए 228, आमेर विधानसभा क्षेत्र के लिए 274, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 253, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए 360 मतदान दल रवाना हुए, वहीं, द्वितीय पारी में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 283, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के लिए 169, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र के लिए 209 मतदान दल रवाना हुए। जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय से प्रथम पारी में कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के लिए 224, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 213, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 226 मतदान दल रवाना हुए, तो वहीं, द्वितीय पारी में जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 239, हवामहल विधानसभा क्षेत्र के लिए 222, बस्सी विधानसभा क्षेत्र के लिए 252 मतदान दल रवाना हुए। इसी प्रकार राजस्थान कॉलेज से प्रथम पारी में दूदू विधानसभा क्षेत्र के लिए 270, बगरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 315 एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र के लिए 236 मतदान दल रवाना हुए।

# जयपुर में व्यापारियों द्वारा शत प्रतिशत मतदान का प्रयास




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेन्द्र बज ने आज चेम्बर भवन एम आई रोड पर जयपुर व्यापार महासंघ द्वारा पत्रकार वार्ता मे बताया कि कल मतदान दिवस के रोज राजस्थान में सभी व्यापारी प्रतिष्ठानों में अवकाश रखा जाएगा व राजस्थान विधानसभा चुनाव में व्यापारियों द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए भरपूर प्रयास किए जाएंगे लोगों को घरों से निकालने के लिए व्यापारियों की टोलिया घर घर जाकर आग्रह करेगी व जरूरत पढ़ने पर मतदान केंद्र तक जाने के लिए साधन भी मुहैया कराएगी। व्यापारियों ने सामूहिक रूप से लक्ष्य निर्धारित किया है कि इस बार 5 प्रतिशत अधिक पोलिंग हो वह लोकतंत्र के इस महापर्व पर व्यापारी अपने पूर्ण समर्पण के साथ अधिक मतदान के लिए प्रयास करेंगे। पत्रकार वार्ता में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल महामंत्री सुरेन्द्र बज,कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सैनी , राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉक्टर कन्हैया लाल जैन फोर्टी के कार्यकारी अध्यक्ष डा.अरूण अग्रवाल सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष कैलाश मित्तल कन्फेडरेशन ऑफ आज इंडिया ट्रेडर्स जयपुर के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने संबोधित किया व व्यापारीयो से 25 नवम्बर मतदान दिवस पर अपने प्रतिष्ठान का अवकाश रखते हुए मतदान मे सक्रिय भूमिका लिए अपील की। राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील संघी की उपस्थिति में आगामी विधानसभा चुनाव के मतदान दिवस 25 नवम्बर को लोकतंत्र दिवस के रूप में मनाने व जयपुर के सभी व्यापारीक प्रतिष्ठानों के अवकाश रखने व व्यापारीयो द्वारा स्वयं मतदान करते हुए परिवार जनों एवं कर्मचारी वर्ग को मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए सक्रिय भूमिका निभाने की दोनों हाथ खड़े करके प्रण किया गया था व प्रस्ताव का समर्थन किया उसी सन्दर्भ में जयपुर व्यापार महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सैनी ,कोषाध्यक्ष सौभागमल अग्रवाल उपाध्यक्ष है कैलाश मित्तल ,मनीष खुटेटा,प्रकाश सिंह ,नीरज कुमार लूहाडीया, चंद्रप्रकाश राणा, सचिन गुप्ता भूपत राय काटने वाला ,मिंतर सिंह राजावत ,सुरेश कुमार लश्करी मंत्री विक्की चेलानी अतुल गांधी प्रमुख सलाहकार राजेन्द्र कुमार गुप्ता हुकम चन्द अग्रवाल की टीम ने सभी व्यापार मण्डलों से सम्पर्क कर इस संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया है । सभी व्यापार मण्डलों द्वारा सभी व्यापारी सदस्यों को सरक्यूलर जारी कर जानकारी दी गई है। चेम्बर आफ कामर्स , फोर्टी , कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स राजस्थान सहित जयपुर के सभी व्यापारी संगठनों ने इसका समर्थन किया है ।

# पौधे वितरण शिविर में 227 पौधे बांट कर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर ने जन्मदिन मनाया



**बूंदी. शाबाश इंडिया।** छाया सबको चाहिए, ऑक्सीजन भी सबको चाहिए,लेकिन पौधे लगाना कोई नही चाहता है। इसको मन में विचार करके सामान्य चिकित्सालय बूंदी के कार्यरत ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर ने अपने जन्मदिन पर सरकारी नर्सरी गायत्री नगर बूंदी में पौधा वितरण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के मुख्य अतिथि उपवन संरक्षक बूंदी ओमप्रकाश जांगिड़ व पीएमओ डॉ. प्रभाकर विजय रहे। इस शिविर में वन अधिकारी ताराचंद , ज्योति मीणा,महावीर रेगर,कविता गुर्जर, निहाल सिंह चालक उपस्थित रहे। जन्मदिन के अवसर में जनता को फलदार , छायादार, सजावटी 227 तरह के पौधे वितरण किये गये ताकि लोग इन पौधों को अपने घर, खेत, खलिहान में लगा सके जिससे जनता को छाया, फल, ऑक्सीजन, सूखी लकड़ी आदि मिल सके। **इन्होंने लिए पेड़ पौधे लगाने के लिए :** रामप्रकाश मीणा पांच पौधे,रामनिवास मीणा पांच पौधे, रामलक्ष्मण मीणा पांच पौधे, ज्योति मीणा चार पौधे, रामचंद्र जी पांच पौधे, अशोक कुमार सुमन तीन पौधे, राम शंकर मीणा बीस पौधे, विनोद महावर आठ पौधे, गणेश बर्मा बीस पौधे, मुकेश जी नर्सिंग ऑफिसर आठ पौधे, प्रेम शंकर मीणा नर्सिंग ऑफिसर आठ पौधे, सुरेश मीणा चार पौधे, अरुणा वैष्णव नर्सिंग ऑफिसर पांच पौधे, सुनीता मीणा चार पौधे, कमलेश गुर्जर दो पौधे, सरिता मीना तीन पौधे, निहाल सिंह जी दस पौधे, महेश गौड दस पौधे, लाल सिंह नर्सिंग ऑफिसर पांच पौधे, दुर्गा लाल बेरवा आठ पौधे, इरशाद आठ पौधे, लालचंद फौजी दस पौधे, रंजीत मीणा दस पौधे, गिरिराज बसुवाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एक पौधा, अशोक मीणा तीन पौधा, सचिन मीणा चार पौधे, दीपक मीणा तीन पौधे, जुगराज गुर्जर दो पौधे, राजेंद्र कुमार बेरवा दो पौधे, रोहित मीणा हरिपुरा पांच पौधे, सोनू गुर्जर आठ पौधे, कुलदीप धाबाई नर्सिंग ऑफिसर तीन पौधे, अशोक वर्मा नर्सिंग ऑफिसर चार पौधे, मयंक चंदोलिया दो पौधे, रोहित वर्मा एक पौधा, शेखर धाबाई एक पौधा, अनिल शर्मा दो पौधा, मुकेश चार पौधा, दुर्गा लाल बेरवा दो पौधा, रणवीर सिंह गुर्जर दो पौधा, सुनील मीणा हस्तिनापुर चार पौधे, अशोक वर्मा नर्सिंग ऑफिसर एक पौधा, प्रियंका तीन पौधे आदि लोगों ने छायादार फलदार सजावटी पौधे ग्रहण किये।

# प्रतियोगिता में भाग लेने वालों का पारितोषिक देकर किया सम्मान

## सुख का सागर है संतोष : महासाध्वी प्रीतीसुधा

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

सुख का सागर है संतोष ।शुक्रवार अहिंसा भवन में महासाध्वी डॉ. प्रिती सुधा ने आयोजित धर्म सभा में श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि संतोष की भावना जब तब जीवन मे नहीं आएगी तब तक मनुष्य को जीवन में शांति नहीं मिलने वाली है।विषम परिस्थितियों में मनुष्य को संतोष ही प्रत्येक परिस्थिति में जीवन जीने का संबल देता है परन्तु संतोष सरलता से नहीं आता। संतोष प्राप्ति के लिए जीवन में अत्यंत धैर्य, त्याग और तप साधना एवं शांत रहने वाला व्यक्ति संतोष को प्राप्त कर सकता है। और अपने जीवन सफल बनाकर वोअपनी आत्मा



का कल्याण करवा सकता है। अहिंसा भवन के मुख्य मार्ग दर्शक अशोक पोखरना ने जानकारी देतें हुए बताया प्रखंर वक्ता डॉ.प्रितिसुधा म.सा महासती उमराव कंवर,साध्वी मधुसुधा,नव दीक्षिता संयम सुधा आदि के सानिध्य तथा अहिंसा भवन शास्त्री नगर श्रीसंघ अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल,हेमंत आंचलिया,कूशल सिंह बूलिया,रिखबचंद पीपाड़ा,संदीप छाजेड़, हिम्मत बापना,जसंवत सिंह डागलिया,ओम प्रकाश सिसोदिया आदि पदाधिकारियों के अलावा चंदनबाला महिला मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल,मंजू पोखरना,उमा आंचलिया, रजनी सिंघवी,मंजू बापना,सुनीता झामड़, सुशीला छाजेड़,सरोज मेहता,कैलाश चौधरी, शकुंतला खमेंसरा,अंजना सिसोदिया लाड़जी मेहता आदि की उपस्थिति में राजस्थान महिला जैन कॉन्फ्रेंस प्रातं की अध्यक्षा नीता ललित बाबेल महामंत्री चंदा कोठारी,कोषाध्यक्ष सुमित्रा सिंघवी,सह-कोषाध्यक्ष नीतू चोर्डिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विज़िया देवी डूंगरवाल, उपाध्यक्ष मंजु कर्नावट आदि के सहयोग से रजत प्रवचना मृतम खुली किताब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। **संकलन : निलिष्का जैन**

# जैन सोशल ग्रुप राजधानी द्वारा सामाजिक सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नया सवेरा में बच्चों को भोजन कराया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप राजधानी द्वारा सामाजिक सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नया सवेरा एन जी ओ निर्माण नगर में रह रहे बच्चो को प्रातः का भोजन कराया गया। राजधानी ग्रुप अध्यक्ष प्रकाश - लीला अजमेरा ने बताया कि ग्रुप कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र संघी द्वारा अपनी धर्मपत्नी श्रीमती आशा संघी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर यह आयोजन किया गया।ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुनील - आरती पाहड़िया ने बताया कि इस अवसर पर श्रीमति आशा राजेंद्र सांघी का तिलक वह माल्यार्पण कर उनके जन्मदिन पर सभी सदस्यों द्वारा शुभकामनायें देते हुये भगवान से मंगल कामना की।




## बकस्वाहा में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान में भक्तिमय हुआ समाज



**राजेश रागी. शाबाश इंडिया**

बकस्वाहा। यहां श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पूज्य उपाध्याय श्री विनिश्चल सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सान्निध्य में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान में समाज भक्ति से सराबोर हो गये। संजय देहाती ने बताया कि टोंडी वाले पारस बाबा की असीम अनुकम्पा तथा परमपूज्य विनिश्चल सागर जी महाराज संसघ के आशीर्वाद से सिद्ध परमेष्ठी की आराधना का सौभाग्य हमारे जुझोतिया परिवार बकस्वाहा को प्राप्त हुआ है । विधान के पांचवें दिन 128 अर्घ समर्पित किए गए तथा सिद्धों की आराधना की गई । विधान का निर्देशन पं. देवेंद्र कुमार जी शास्त्री (सौरई) मड़ावरा के द्वारा विधि-विधान से कराया जा रहा है । भक्ति माहौल के बीच बकस्वाहा व क्षेत्रीय जैन समाज जुझोतिया परिवार के पुण्य की अनुमोदना कर रही है और सिद्ध परमेष्ठी की आराधना का सौभाग्य प्राप्त कर रही है। 19 से 28 नवंबर तक चलने वाले इस विधान में पूज्य गुरुदेव गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज ससंघ का मंगल सानिध्य प्राप्त होने की भी संभावना है। सिद्धचक महामंडल विधान में बम्हौरी जैन समाज ने सिद्ध परमेष्ठी के समक्ष द्रव्य अर्पित कर आराधना की तथा जुझोतिया परिवार ने सभी का स्वागत बंदन किया है। सिद्धचक्र महामंडल विधान के पुण्यार्जक परिवार पदम कुमार जैन (रिटायर्ड शिक्षक),अभय कुमार ,संजय कुमार जैन (देहाती) ने सकल जैन समाज बकस्वाहा सहित क्षेत्र की जैन समाज से विधान में पधारकर पुण्यार्जन करने का आव्हान किया है ।

आधुनिक टेक्नोलॉजी से छत को रखे वाटरप्रूफ, हीटप्रूफ, वेदर प्रूफ पायें सीलन, लीकेज एवं गर्मी से राहत व बिजली के बिल में भारी बचत करें।
छत व दीवारों का बिना तोड़फोड़ के सीलन का निवारण
For Your New & Old Construction
एडवान्स टेक्नोलोजी
सुरक्षित निर्माण
Pidilite
DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
Rajendra Jain
Dr. Fixit Authorised Project Applicator
80036-14691
DOLPHIN WATERPROOFING
116/183, Opp. D-Mart, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

## वेद ज्ञान

### अपने विवेक का खुद इस्तेमाल करें

सार्थक और सकरात्मक जीवन जीने के लिए ज्यादा परिश्रम की जरूरत नहीं है। कोई विपरीत स्थितियों और परिस्थितियों के बावजूद अपने दिमाग का सही प्रयोग कर उपलब्धियां हासिल कर लेता है और कोई सारी सुविधाओं के बावजूद असफल रहता है। हर व्यक्ति को सबसे पहले सुनने की आदत डालनी चाहिए। जो व्यक्ति सुनता कम है और बोलता ज्यादा है, वह आगे बढ़ने के तमाम अवसरों से चूक जाता है। जब व्यक्ति विद्वानों, श्रेष्ठजनों और गुरु की बात सुनते हैं तो शब्द रूपी ब्रह्म कानों से प्रवेश कर मस्तिष्क में रासायनिक परिवर्तन करते हैं। मस्तिष्क में अच्छी-अच्छी बातें आती हैं। वहीं खराब और बुरी बातें सुनने के बाद प्रायः झगड़े-फसाद हो जाते हैं। घर से दूर गए व्यक्ति को सीधे बुरी खबर नहीं दी जाती। यह है शब्दों का प्रभाव। प्रेम की शुरूआत भी शब्द से और युद्ध की भी शुरूआत शब्द से ही होती है। हमारे ऋषियों ने इसीलिए आध्यात्मिक ग्रंथों में जीवन की हर जरूरतों को पूरा करने के लिए अच्छे विचारों को अच्छे शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया है। प्राचीन काल में गुरुकुल में श्रुतिज्ञान की व्यवस्था ही रही। सुनने के बाद जिज्ञासाएं बढ़ती हैं तो अध्ययन की स्वतः इच्छा जाग्रत होती हैं। जिसके पास जितना गहरा ज्ञान, उसकी उतनी महत्ता। ज्ञान से चिंतन-मनन का भाव पैदा होता है। जेम्स वाट ने भाप की आवाज को पहचाना कि भाप में शक्ति है तो न्यूटन ने सेब के गिरने की आवाज सुन ली और गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत प्रतिपादित किया। बड़े-बड़े भौतिक विज्ञान के प्रोजेक्ट क्यों न हों, उनमें डिजाइन और प्लानिंग की जाती है। फिर उसके हिसाब से धन की व्यवस्था की जाती है। फिर उस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होता है। उसी प्रकार जीवन में सबसे पहले मन की आवाज जरूर सुननी चाहिए। प्रथम स्तर पर मन ही बहुत कुछ बता देता है। गलत काम को तो जरूर बताता है। आसपास की घटनाओं, माता-पिता, गुरु आदि की बातों को गहराई से सुनकर जब कोई कदम उठाएंगे तो वह बेहतर होगा। अदालतों में न्यायाधीश दोनों पक्ष की बात बड़े ध्यान से सुनकर निर्णय देता है। इसलिए हर व्यक्ति खुद अपने जीवन का न्यायाधीश बने। अच्छा है कि अपने विवेक का खुद इस्तेमाल किया जाए तो बेहतर होगा।

## संपादकीय

# अब नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत

तमाम दावों, चौकसी और कड़ाई के बावजूद जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठनों पर शिकंजा कसना कठिन बना हुआ है। शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच संघर्ष नहीं होता। राजौरी में दहशतगर्दों से मुठभेड़ में दो अधिकारियों समेत पांच सुरक्षाबलों के मारे जाने और एक के गंभीर रूप से घायल हो जाने की घटना उसी की एक कड़ी है। सेना तलाशी अभियान में जुटी थी, तभी आतंकियों ने घात लगा कर हमला कर दिया। करीब हफ्ता भर पहले सुरक्षाबलों ने राजौरी इलाके में ही छह आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। पिछले डेढ़-दो वर्षों में इस इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। इसी तरह की घटना दो महीने पहले भी हुई थी, जिसमें सेना और कश्मीर पुलिस के तीन अफसर तथा दो जवान शहीद हो गए थे। दहशतगर्दों के घात लगा कर हमले करने की छिटपुट घटनाएं तो होती ही रहती हैं। ऐसे सैन्य अभियानों पर हमले और उनमें जवानों तथा अफसरों के



मारे जाने की घटनाएं नए सवाल खड़े करती हैं। जिस तरह आतंकी अत्याधुनिक हथियारों और सूचना तकनीक का इस्तेमाल करने लगे हैं, वे लगातार सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखते हैं, उसमें उनसे पुराने तरीकों से निपटना निस्संदेह चुनौतीपूर्ण होगा। कश्मीर घाटी से आतंकवाद खत्म करने के इरादे से पिछले नौ सालों से सघन तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों की पहचान कर जेलों में डाल देने के दावे किए जाते हैं। पाकिस्तान के साथ सड़क मार्ग से होने वाली तिजारत पर रोक लगने से माना जा रहा था कि सीमा पार से उन तक पहुंचने वाले हथियारों पर रोक लग गई है। अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली और सतत चौकसी के कारण घुसपैठ का सिलसिला काफी कम हो गया है। अलगाववादी संगठनों के बैंक खातों और उनके वित्तीय लेन-देन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। नोटबंदी के बाद दावा किया गया था कि इससे दहशतगर्दों की कमर टूट जाएगी। मगर ये तामम दावे तब खोखले साबित हो जाते हैं, जब आतंकवादी अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। आए दिन मुठभेड़ में आतंकियों के मारे जाने के समाचार होते हैं, फिर भी उनकी सक्रियता में कहीं से अपेक्षित कमी नजर नहीं आ रही। वे अपनी रणनीति बदल कर कभी लक्षित हिंसा पर उतर आते हैं, तो कभी घात लगा कर सुरक्षाबलों के काफिले या उनकी छावनियों पर हमला कर देते हैं। कश्मीर घाटी में दहशतगर्दी को उकसाने के पीछे पाकिस्तान की कोशिशें छिपी नहीं हैं। मगर घाटी में उन्हें कौन पोस रहा है और क्यों उनकी गतिविधियों पर लगाम लगाना चुनौती बना हुआ है, इसका आकलन कर उसके अनुरूप कदम न उठाए जा सकने को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। स्पष्ट है कि बिना स्थानीय समर्थन के आतंकवादियों का घाटी में लंबे समय तक टिके रह पाना संभव नहीं है। अब तो यह भी स्पष्ट है कि आतंकी और अलगाववादी संगठनों के उकसावे पर बड़ी संख्या में कश्मीरी युवा हथियार उठाने लगे हैं। शैक्षणिक संस्थानों और दूसरे सरकारी महकमों में भी ऐसे लोगों की मौजूदगी लगातार पहचानी जा रही है, जो युवाओं को बरगलाने की कोशिश करते हैं।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# शिक्षा की होड़

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि माता-पिता यह चाहते हैं कि उनका बच्चा पढ़ाई-लिखाई पूरी कर जिंदगी में ऊंचा मुकाम हासिल करे, लेकिन इसके लिए जो दबाव की स्थितियां पैदा की जाती हैं, उसमें कई बच्चों की जिंदगी तक छिन जाती है। पिछले कुछ सालों से यह हकीकत लगातार सामने आ रही है कि इंजीनियरिंग या चिकित्सा की पढ़ाई करने के लिए बच्चों का दाखिला राजस्थान के कोटा जैसे कुछ खास शहरों में कराया जाता है, मगर वहां उपजे दबाव को नहीं सह पाने की वजह से कई बच्चे आत्महत्या तक कर ले रहे हैं। ऐसी घटनाओं में इजाफे ने हर तरफ चिंता पैदा की है, मगर आज भी बहुत सारे अभिभावक यह समझ पाने में नाकाम हैं कि अपना सपना पूरा करने निकले बच्चे आखिर क्यों मौत को चुन लेते हैं। इस मसले पर अब सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है कि वक्त के साथ ज्यादा सख्त होते प्रतिस्पर्धा के मानदंड के समांतर अभिभावकों की ओर से पैदा किए गए अत्यधिक दबाव को कई बच्चे नहीं झेल पाते हैं और आत्महत्या का रास्ता अख्तियार कर लेते हैं। अदालत की टिप्पणी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आई, जिसमें तेजी से बढ़ते कोचिंग संस्थानों के विनियमन का अनुरोध किया गया है और विद्यार्थियों की आत्महत्या के आंकड़ों का हवाला दिया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि मेडिकल या इंजीनियरिंग की शिक्षा के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए जो पाठ्यक्रम तैयार किया गया है, उसकी जटिलता के मद्देनजर बच्चों को सामान्य से ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत पड़ती है। इसके लिए उनके अभिभावक वैसे कोचिंग संस्थानों में बच्चों का दाखिला कराते हैं, जिनके बारे में आम धारणा होती है कि वहां से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी आसानी से परीक्षा पास कर जाते हैं। मगर इसके बरक्स हाल के वर्षों में यह हकीकत भी सामने आई है कि इस क्षेत्र में बढ़ती भीड़ की वजह से कड़ी प्रतिस्पर्धा खड़ी हुई है, पैमाने ज्यादा सख्त हुए हैं। कोचिंग संस्थान अपनी छवि चमकाने की मंशा से विद्यार्थियों पर परीक्षा में खुद को सबसे बेहतर साबित करने के लिए जरूरत से ज्यादा दबाव डालते हैं। इसी दबाव से उपजे तनाव को कई बार कुछ बच्चे नहीं झेल पाते हैं और जिंदगी से हार जाते हैं। हालांकि कोचिंग संस्थानों की हकीकत किसी से छिपी नहीं है और आए दिन वहां से बच्चों की आत्महत्या की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इसके बावजूद ऐसे तमाम अभिभावक हैं, जो अपने बच्चों को चिकित्सक या इंजीनियर बनाने के लिए यहां पढ़ाई करने भेजते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि जिन बच्चों की रुचि किसी अन्य विषय में पढ़ाई करने की होती है, उन्हें भी उनके अभिभावक मेडिकल या इंजीनियरिंग की तैयारी करने भेज देते हैं। इस होड़ में शामिल अभिभावकों की ओर से उपजे दबाव और तनाव का सामना बच्चों को करना पड़ता है। कोचिंग संस्थानों की अव्यवस्था से लेकर उनके पढ़ाई के स्वरूप निश्चित रूप से कटघरे में हैं और उन्हें जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा सकता। मगर अपनी महत्त्वाकांक्षा का बोझ बच्चों से पूरा कराने की होड़ में शामिल अभिभावकों को क्या यह सोचने की जरूरत नहीं है कि इस होड़ का हासिल क्या है? किसी भी समस्या का हल निकालना तभी संभव हो पाता है, जब उसके मुख्य कारणों की पहचान कर ली जाती है। कोटा या कहीं भी पढ़ाई के क्रम में उपजे तनाव का बोझ अगर बच्चों की जिंदगी पर ही भारी पड़ रहा है तो अभिभावकों को यह सोचने की जरूरत है कि आखिर उनका चुनाव क्या है- बच्चों की जिंदगी या फिर ऐसी पढ़ाई, जो उन्हें जानलेवा तनाव के संजाल में झोंक दे!

# श्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार मिलने पर खुशी व्यक्त की



**राजेश जैन अरिहंत. शाबाश इंडिया**

टोंक। परम पूज्य गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से पुरानी टोंक महिला मंडल आदिनाथ शुभकामना परिवार की ओर से शुक्रवार को जैन भवन में आदिनाथ चालीसा पाठ एवं भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया। शुभकामना परिवार के सदस्य राजेश अरिहंत ने बताया कि शुभकामना परिवार की ओर से शुक्रवार को भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया जैन भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम आदिनाथ भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया एवम मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात भक्तामर के 48 ऋद्धि मंत्रों का उच्चारण करते हुए 48 दीप प्रज्वलित किए गए भक्ति भाव के साथ आदिनाथ चालीसा का पठन करते हुए भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए।

# सिद्ध चक्र महामंडल विधान पर पूज्यार्थियों द्वारा आज 128 अर्घ्य अर्पित किए




**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे में अष्टान्हिका महापर्व के दौरान आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोध मति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में पूज्यार्थियों के द्वारा भक्ति भाव से आज विधान पर 128 अर्घ्य अर्पित किए गए, जैन महासभा के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबु गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना बाद जैन धर्म के 18 वें तीर्थंकर अरहनाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य चढ़ाकर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई, कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त विधान गायक कलाकार मनोज कुमार एण्ड पार्टी जयपुर निवासी के द्वारा भजनों की विभिन्न लहरियों के साथ श्रावकों द्वारा नाचते गाते साज सज्जा द्वारा चल रहा है, कार्यक्रम में पंडित कुमुद जी सोनी अजमेर के दिशा निर्देश में भक्ति भाव से विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा विधान पर अर्घ्य अर्पित करवाये गये। मंदिर समिति के प्रतिनिधि त्रिलोक जैन पीपलू ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में महावीर प्रसाद, रामवतार, नवरत्नमल, निरंन्तर जैन कठमाना परिवार ने श्री जी की शांति धारा करने का पुण्यार्जन प्राप्त किया मंदिर समिति के प्रतिनिधि विनोद मोदी ने बताया कि कार्यकम में ,संतोष बजाज, महावीर मांदी, कैलास कडीला, सुरेश डेठानी, महेंद्र बावड़ी, धर्म चंद पीपलू, विनोद कलवाडा, अनिल कठमाना, अशोक कागला, गणेश कठमाना, कमलेश कठमाना, कमलेश झंडा, कमलेश चौधरी, कमलेश सिंघल, मुकेश गिंदोडी, राकेश मांदी, राकेश कठमाणा, पारस मोदी, मनीष गोधा, त्रिलोक पीपलू, राजाबाबु गोधा सहित अनेकों श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

# कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष बने अनिल कुमार




**कोटा. शाबाश इंडिया।** कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन की 24 नवम्बर को कार्यकारणी का चुनाव लेजेंट स्पोर्ट्स अकैडमी में आयोजित किया गया। इस चुनाव में एडवोकेट कन्हैया लाल शाक्यवाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया व राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन की और से मोहित सिंह राठौड़ ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न की । परिणामो की घोषणा में अध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार को नियुक्त किया गया व मनोज कीर सचिव , उपाध्यक्ष कृष्णकांत प्रजापति, संयुक्त सचिव नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह हाड़ा, व कार्यकारिणी सदस्य रेखा खेलवाल, अभिषेक कुमार, करण सिंह, रणवीर कलोसिया, शुबम् सेनी, दयावंती, कशिश, संजीव शर्मा, धीरज बयाना आदि को नियुक्त किया। सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया।




खुशहाल राजस्थान बनाएंगे
भाजपा को लाएंगे
कमल का बटन दबाएं
भाजपा को जिताएं
जन-जन की पुकार, आ रही है भाजपा सरकार
भाजपा, राजस्थान


# जी सिनेमा पर होने जा रहा है वरुण धवन और जान्हवी कपूर की 'बवाल' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

''बेटा माहौल ऐसा बनाओ कि लोगों को माहौल याद रहे... रिजल्ट नहीं।'' लेकिन क्या होगा जब आपका बाहरी दिखावा खुद आप पर ही हावी होने लगे और फिर, बस आपकी छवि ही सबकुछ हो जाए? प्यार, अहम के टकराव और एक अनकही कहानी के साथ जी सिनेमा लेकर आ रहा है फिल्म 'बवाल' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर। जान्हवी कपूर और वरुण धवन की शानदार जोड़ी के साथ यह फिल्म आपको अजय दीक्षित की बेबाक कहानी दिखाती है, जो लखनऊ में इतिहास के टीचर हैं और अपनी छवि को लेकर बड़े सजग हैं। उनकी जिंदगी का उसूल है कि जब तक सफलता न मिले, तब तक इसका दिखावा करते रहो। क्या उनका यह मुखौटा टिक पाएगा या फिर ताश के पत्तों की तरह बिखर जाएगा? जानने के लिए देखिए बवाल का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, 25 नवंबर को रात 8 बजे सिर्फ जी सिनेमा पर। बवाल एक दिल छू लेने वाला फैमिली ड्रामा है, जो पारिवारिक रिश्तों में




बड़ी बारीकी से बुने गए जज्बातों के तार छेड़ देता है। यह फिल्म ज़िंदगी के सबक सिखाती है और एक साधारण नजरिए के पार जाकर उन संवेदनाओं को उजागर करती है, जिनसे एक परिवार बनता है। इस फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर को लेकर वरुण धवन ने कहा, ये फिल्म जिंदगी की अनिश्चितताओं को उजागर करती है। मैं इस बात में यकीन रखता हूं कि भगवान की बड़ी योजनाएं होती हैं। यदि आपके मन का हो, तो अच्छा और यदि मन का ना हो, वो भी अच्छा। आज लोग निडर नहीं हैं। हर इंसान को हर कदम पर अपनी असुरक्षाओं से लड़ना पड़ता है। बवाल ने इसी हकीकत को करीब से दिखाया और मुझे एक ऐसे किरदार में उतरने की चुनौती दी जो मुझसे बहुत अलग है। यह आज की फिल्टर वाली जिंदगी की हकीकत दिखाती है, लेकिन इन सबके बीच जान्हवी के साथ काम करना बहुत मजेदार रहा! पर्दे के पीछे वो वाकई एक बवाल है - विचित्र, मजेदार और हर तरह से एक टेढ़ी खीर है। वो अपनी तरह की एक है और यही खूबी उसे इतना खास बनाती है। फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर को लेकर जान्हवी कपूर ने कहा, इस फिल्म में निशा का रोल निभाते हुए मैंने एक ऐसे किरदार के बारे में जाना जो अपनी खामोश ताकत और अटूट उम्मीद से चलता है। उसके अपने संघर्ष हैं, रिश्तों, स्वास्थ्य और समाज की उलझने हैं, लेकिन इन सबके बावजूद वो हिम्मत, होशियारी और अच्छाइयों से भरी है। निशा की तरह मैं भी लगातार जाहिर करने से ज्यादा गौर करने पर जोर देती हूं। आजकल लोग अपनी इमेज से बंधे हुए हैं और ऐसी दुनिया में जहां जहां लोग अपनी ही छवि में गुम हैं, वहां निशा की कहानी हम सभी को अपनी असलियत को अपनाने की हिम्मत और जिंदगी की छोटी-छोटी खुशियों को जीने की प्रेरणा देती है। निर्देशक नितेश तिवारी ने कहा, पिछले कई वर्षों से मेरे सिद्धांत मेरे अपने अनुभवों पर टिके हैं। मैं बड़ी शिद्दत से यह मानने लगा हूं कि जो भी होता है, अच्छे के लिए होता है। अपनी सभी फिल्मों के साथ मैं हमेशा अपनी इसी सोच को बरकरार रखा है।







### गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने कहा...

# सेवा का फल होता है बहुत मीठा



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी , जिला - टोंक (राज.) में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में प्रतिदिन अभिषेक शांतिधारा के क्रम में आज की शांतिधारा करने का सौभाग्य आशीष जैन जबलपुर , विनोद शास्त्री जयपुर व प्रेमचन्द दूनी वालों ने प्राप्त किया। शांति प्रभु के चरणों में शांतिविधान करने का अवसर मदनलाल साईवाड़ वाले विवेक विहार जयपुर ने प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने सभी को मन में सेवा भाव उजागर करने के लिए मंगल उद्बोधन देते हुए कहा कि - हमें सदा देव शास्त्र गुरू की तथा अपने से बडे - बुजुर्गों की सेवा भक्ति करना चाहिए ेे इनकी सेवा से पुण्य का बंध होता है और पाप कर्म कटता है। वर्तमान में स्थितियां इतनी विपरीत हो गई है किसी के अंदर सेवा का भाव ही नहीं बचा। जिन बच्चों को माता - पिता ने पाल - पोषकर इतना बड़ा कर दिया। आज उन बच्चों को उनकी सेवा करना , उन्हें अपने पास रखना बहुत बडा कष्ट लगता है।जिससे वे उन्हें वृद्धावस्था में वृद्धाश्रम में छोड़ आते हैं। माताजी ने इस प्रकार का भाव रखने वाले प्रत्येक युवाओं को ललकारते हुये कहा - जो संतान अपने माता - पिता के साथ ऐसा घृणित व्यवहार करते हैं उन्हें अपने आप पर शर्म आनी चाहिए ।जिन्होंने तुम्हें जन्म दिया , पढ़ाया लिखाकर इतना बड़ा किया तुम्हारी खुशी के लिए अपनी इच्छाओं का परित्याग किया उनके उपकार को तुमने क्षण भर में भुला दिया। तिर्यंच भी किसी के द्वारा अपने पर किये उपकार को नहीं भूलता ।फिर तुम तो मानव हो। आज जैसा व्यवहार हम करेंगे वैसा ही व्यवहार भविष्य में हमारी संतान तुम्हारे साथ करेगी। सेवा क्या है - हाथ पैर दबाने का नाम सेवा नहीं है बल्कि जिसको जहाँ जैसी आवश्यकता है उस तरह से उनकी सहायता करना मदद करने का नाम सेवा है ।प्राचीन कहावत है सेवा करने से मेवा मिलता है अर्थात सेवा से बहुत फल मिलता है। आगामी 10 दिसम्बर 2023 को होने वाले पिच्छिका परिवर्तन एवं 108 फीट उत्तुंग कलशाकार सहस्रकूट जिनालय के भव्य शुभारम्भ में सम्मिलित होकर इस सुअवसर में साक्षी बनकर पुण्यार्जन करें।

## जनक पूरी जैन मंदिर में सिद्ध चक्र मंडल विधान का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनक पूरी जैन मंदिर में सिद्ध चक्र मंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। मन्दिर प्रबंध कारिणी समिति अध्यक्ष पदम बिलाला ने बताया कि अष्टान्हिका पर्व के पावन पर्व पर दिगम्बर जैन मंदिर जनकपुरी इमलीवाला फाटक जयपुर में सिद्ध चक्र मंडल विधान की पूजा पूरे भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ की जा रही है ।सिध्द चक्र विधान मंडल पूजा में आठ दिनों का तक प्रतिदिन क्रमशः 8, 16, 32, 64, 128, 256, 512 व 1024 अर्घ चढ़ा कर सिद्ध भगवान की अर्चना की जाती है ।जनकपुरी मंदिर के महावीर कोठारी, सौभाग्य अजमेरा, प्रकाश गंगवाल, जे के जैन, इन्द्र कुमार जैन आदि धमार्नुयायी विधान में भाग लेकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं ।

# लोकतंत्र में भागीदारी के लिए स्वीप टीम ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

एस एस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा स्वीप कार्यक्रम एवं सतरंगी सप्ताह के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चुनाव आयोग के आदेश अनुसार स्वीप टीम द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें वीडियो के माध्यम से वोट के प्रति जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर के बी शर्मा ने बताया कहा कि मताधिकार का प्रयोग जरूरी है। आप सभी वोट करें। उम्र 18 पूरी है, वोट देना जरूरी है। जैसे बहुत से कथनों के द्वारा छात्रों में लोकतंत्र के प्रति उत्साह भरा। कार्यक्रम में डॉ विशाल गौतम, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ बाबूलाल शर्मा, अक्षय कुमार मौर्य, रिया कुमारी, मोहित शर्मा, रिया चौधरी, खुशी शर्मा, राशि चौधरी सहित बहुत से स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में हो रही है महा आराधना

## दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी मध्यभारत का प्रमुख तीर्थ बन गया: दाऊ

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**



अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी के आशीर्वाद से महरौनी ललितपुर परिवार द्वारा सिद्धो की महा आराधना थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के दरवार में की जा रही है। शान्ति विधान के अर्घो के मंडल पर किया समर्पण। समारोह के प्रारंभ में बड़े बाबा की आराधना मंत्रोचार के साथ की गई इसके साथ ही मंडल पर अर्घो का समर्पण किया गया। विधान के दौरान मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने कहाकि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य आध्यात्मिक संत मुनि पुगंव श्री सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से परम भक्त श्रावक श्रेष्ठी डॉ. देवेन्द्र कुमार महेन्द्र कुमार अजित कुमार अनूप जैन शीलचंद अनौरा राजीव राजा राहुल जैन समस्त सेठ परिवार महरौनी ललितपुर द्वारा सिद्धों की महा आराधना की जा रही है। सत्ताइस तारीख तक अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में भक्ति की धारा अपने मधुर गीतों से श्रावक संस्कार शिविर में अपने गीतों से समा वांधने वाले विनोद भइया के भजनों से ज्ञान की गंगा में भक्ति से सराबोर हो श्रवाक भगवान का गुणगान कर अपने पुण्य की झोली भरेंगे। जो यहां आयेंगा वह लाभ उठायेगा। इस दौरान ब्रह्मचारी विनोद भइया व सिद्धार्थ भइया के निर्देशन में मंडल पर प्रमुख पात्रों ने श्री फल के साथ अर्घो का समर्पण किया। इस दौरान ललितपुर समाज के संरक्षण शीलचंद अनौरा दाऊ ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी मध्यभारत का प्रमुख तीर्थ है और आज यहां सभी तरह की सुविधाएं तीर्थ यात्रियों को मिल रही है इससे यात्रियों को बहुत सुकून मिलता है ।

### विश्व शांति महायज्ञ के लिए यहां समुचित व्यवस्था है


कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघाई ने कहा कि श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ ब्र विनोदभैय्या जबलपुर एवं सिद्धांत भइया के निर्देशन में होने जा रहा है तीर्थ पर जो भी पुण्यजक परिवार को अवश्य हो वह हम सब उपलब्ध करा रहें हैं कमेटी की भावना है कि पूरे अंचल से यहां भक्त आये और भगवान की भक्ति कर पुण्य अर्जित करके अपने जीवन को धन्य वनाये अव तीर्थ क्षेत्र पर भगवान की महाआराधना के लिए समुचित व्यवस्था है।

### जगत कल्याण के लिए की शान्ति धारा

इसके बाद दर्शनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र थूवौनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का अभिषेक एवं जगत कल्याण की कामना के लिए शांतिधारा की गई जिसका सौभाग्य सौधर्म इन्द्र बनकर प्रमोद जैन, गौरव जैन मलय जैन परिवार इंदौर इसान इन्द्र मानकलाल, सुरेन्द्र कुमार अनिमेष जैन डॉ. ऐशब्रया जैन डी के जैन परिवार भोपाल सन्त इन्द्रराजेंद्र कुमार, जीतेंद्र कुमार, विशाल कुमार समस्त परिवार को अभिषेक का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान विधान कर्ता परिवार डॉ. देवेन्द्र कुमार महेन्द्र कुमार अजित कुमार अनूप जैन राजीव राजा राहुल जैन समस्त सेठ परिवार ललितपुर साथ ही डॉ.आनंद जैन डॉ. अंकित डॉ. अर्पित जैन समस्त परिवार बाबई यश जैन ब्र. विनोद भैया जी जबलपुर सहित अन्य भक्तों व सेठ परिवार सुरेन्द्र जैन भोपाल परम गुरु भक्त शीलचंद अनौरा का कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघाई मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा संरक्षक विकास जैन संजीव जैन पिपरई मोनू वाटा सोनू वरखेडा संजीव जैन प्रेम ओडेर सहित अन्य लोगों ने वडे बाबा की माला पहनाकर स्वागत किया।

# भजन संध्या का हुआ आयोजन, बाबा श्याम का सजा दरबार

## केक काटकर भक्तो ने मनाया बाबा श्याम का जन्मदिवस



**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया**

**भैंसलाना।** कस्बे में गुरुवार को देवउठनी एकादशी बाबा श्याम के जन्मदिवस पर भजन संध्या का आयोजन किया गया।आयोजक सत्यनारायण योगी ने बताया की गुरुवार को बाबा श्याम के जन्मदिवस देवउठनी एकादशी पर श्री श्याम मित्र मंडल भैंसलाना के तत्वाधान में भजन संध्या और केक काटकर बाबा श्याम का जन्मदिन मनाया गया।इस दौरान भजनों के माध्यम से भक्तो ने बाबा श्याम को रिझाया।बाबा श्याम के दरबार की सजावट विपिन,चंद्रप्रकाश आदि द्वारा की गई वही ओमप्रकाश जांगिड़,राकेश सोनी,श्यामसुंदर शर्मा,अशोक लड्डा, प्रेम जांगिड़ सहित अन्य ने म्हारो बाबा म्हाने मायड़ बाबुल...,मेरे खाटू वाले का जन्मदिन आया,श्याम हम सब बोलेंगे हैप्पी बर्थडे टू यू आदि भजनों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस दौरान श्रवण नवहाल, अशोक शर्मा, हिमांशु शर्मा,बाबूलाल योगी,मुकेश सोनी,गुलाब सैनी,विकास सोनी आदि मौजूद रहें।

# स्व .ब्र .कमला बाई जी की 14वी पुण्यतिथि मनाई गई



**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

**श्री महावीर जी।** स्थानीय दिगंबर जैन संस्कृत पीजी महाविद्यालय में आज स्व.ब्र.कमला बाई जी की 14 वी पुण्यतिथि मनाई गई। स्व.कमला बाई जी ने सन 1953 मे 6 छात्राओ से विद्यालय की शुरूआत की और आज वट वृक्ष के रूप मे विधालय,महाविद्यालय, शिक्षा शास्त्री और डी एल एड संचालित है। इस क्षेत्र में शिक्षा की मंदाकिनी ने महिला शिक्षा का अलय जगाकर महिला साक्षरता को बढ़ाया। डा.मुकेश शर्मा ने कहा कि कमला बाई जी साक्षात वाग्देवी सरस्वती का अवतार थी और वे अपने जीवन पर्यंत बालिका शिक्षा को समर्पित रही। बाई जी को महिला शिक्षा के उन्नयन मे उल्लेखनीय योगदान के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी ने प्रथम स्त्री शक्ति अहिल्याबाई होल्कर पुरुस्कार से सम्मानित किया था। यह पुरस्कार बाई जी को सन 2001 में दिया गया था जो इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। वास्तव में सही शब्दों में कमला बाई जी त्याग, तपस्या, करुणा, ममता और वात्सल्य की प्रति मूर्ति थी। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ.मुकेश शर्मा, ओ एस डी घनश्याम शर्मा, बी एड प्राचार्य डॉ भैरोसहाय शर्मा, डी एल एड प्रधानाचार्य आर डी गुप्ता एवम् समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# मनाया भगवान अरहनाथ का ज्ञान कल्याणक

## जैन धर्म का शाश्वत पर्व अष्टानिका महापर्व का पांचवां दिन-सिद्ध चक्र महामण्ड़ल विधान पूजा में चढाये 128 अर्घ्य

### 27 नवम्बर को विश्व शांति महायज्ञ एवं पूणार्हुति से होगा समापन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



सोमवार से शुरू हुए जैन धर्म के आठ दिवसीय शाश्वत पर्व अष्टानिका महापर्व में श्री 1008 सिद्ध चक्र महामण्ड़ल विधान पूजा में शुक्रवार को मंत्रोच्चार के साथ 128 अर्घ्य चढाये गये। इस मौके पर कई मंदिरों में दिगम्बर जैन संतो ने अष्टानिका महापर्व का महत्व बताया।इस मौके पर जैन धर्म के अठारहवें तीर्थंकर भगवान अरहनाथ का ज्ञान कल्याणक मनाया गया।

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार आठ दिनों में दिगम्बर जैन मंदिरों में प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना, मण्डल विधान, सायकांल महाआरती, भक्ति संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी।इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में आठ दिनों तक श्री सिद्ध चक्र महामण्ड़ल विधान पूजा एवं विश्व शांति महायज्ञ, श्री नन्दीश्वर महामण्ड़ल विधान पूजा सहित सायकांल सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जा रहे हैं ।आठ दिनों तक शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में धर्म की गंगा बहेगी। जैन के मुताबिक शुक्रवार को श्री 1008 सिद्ध चक्र महामण्ड़ल विधान पूजा में जयकारों के साथ 128 अर्घ्य विधान मण्डल पर चढाये गये। जैन के मुताबिक एस एफ एस के श्री दिगम्बर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका भरतेश्वरमति माताजी ससंघ के सानिध्य में सिद्ध चक्र महामण्डल विधान पूजा की गई। अभिषेक, शांतिधारा के बाद विधान में भक्ति भाव से अर्घ्य चढाये गये। जय जवान कालोनी मंदिर के तहत लाल बहादुर शास्त्री नगर में आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में तथा जनकपुरी जैन मंदिर में आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में सिद्ध चक्र महामण्डल विधान की पूजा अर्चना की गई। इसी दिन जैन धर्म के अठारहवें तीर्थंकर भगवान अरहनाथ का ज्ञान कल्याणक मनाया गया। अभिषेक, शांतिधारा के बाद भगवान की पूजा अर्चना की जाकर जयकारों के साथ ज्ञान कल्याणक अर्घ्य चढाया गया। शनिवार को श्री सिद्ध चक्र महामण्डल विधान पूजा में अष्ट द्रव्य के 256 अर्घ्य मंत्रोच्चार के साथ चढ़ाएं जाएंगे। अष्टानिका महापर्व का मंगलवार,27 नवम्बर को विश्व शांति महायज्ञ एवं पूणार्हुति के साथ समापन होगा। इसी दिन जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर भगवान संभवनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।

# विशाल नगर भण्डारे में दिगम्बर खुशाल भारती ने न्यौता समूचे मेवाड़ को

### सनातनी चातुमार्सः विसर्जन की पूर्व संध्या सजेगी भक्तिगीतों से

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**



बलीचा स्थित राजराजेश्वर बड़बड़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रहे दिगम्बर खुशाल भारती महाराज के सनातनी चातुर्मास का विसर्जन 27 नवम्बर को होगा। गौरतलब है कि लोकतंत्र महापर्व (चुनाव) के चलते जो विसर्जन 25 नवम्बर को होने वाला था, उसे दो दिन आगे बढ़ाया गया है। इस दौरान विशेष अनुष्ठान और भक्तिगीत संध्या जैसे आयोजन होंगे। सर्व समाज सनातनी चातुर्मास सेवा समिति के मीडिया संयोजक मनोज जोशी ने बताया कि पंचायती निरंजनी अखाड़ा मढ़ी मनमुकुंद के दिगम्बर खुशाल भारती महाराज के सान्निध्य में चल रहे इस चातुर्मास के विसर्जन की पूर्व संध्या पर 26 नवम्बर शाम 7 बजे भजन गायक नरेश प्रजापत, सुरेश गहलोत, अनंत लोहार, पिंकी गहलोत व त्रिशा सुथार भजन प्रस्तुतियां देंगे। मंच संचालन विनायक जोशी करेंगे। जोशी ने बताया कि 26 व 27 नवम्बर को यहां मिनी कुम्भ मेले सा माहौल होगा।27 नवम्बर को विशाल नगर भण्डारे के साथ ही साधु-संन्यासियों, संत-महंतों, स्थानधारियों और मेवाड़ मंडल के साधु-संतों को पंचायती निरंजनी अखाड़ा की परम्परानुसार विदाई प्रदान की जाएगी। विशाल नगर भण्डारे की व्यवस्थाओं के लिए महाकाल की नगरी उज्जयिनी से हलवाइयों का दल उदयपुर पहुंच चुका है। बाहर से पधार रहे साधु-संतों के ठहरने के लिए यज्ञशाला के समीप पाण्डाल निर्माण अंतिम चरण में है। बता दें, चातुर्मास कर रहे दिगम्बर खुशाल भारती महाराज सहित अन्य संतों ने मेवाड़ अंचल के सर्व समाज छत्तीस कौम को विशाल नगर भण्डारे में पधारने का न्यौता दिया है। उन्होंने कहा है कि वे चातुर्मास की मयार्दा के अनुरूप विसर्जन से पूर्व स्थान नहीं छोड़ सकते, अन्यथा वे और उनका संत मण्डल सभी नगर-गांव-ढाणियों में न्यौता देने पहुंचते। चातुर्मास समिति के प्रमुख सदस्य हिमांशु बंसल, हर्षिल जोशी, महेश चाष्टा, गजेन्द्र खालसा, भानुप्रताप सिंह ताणा आदि की शुक्रवार को हुई बैठक में व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की।

### मतदान का आह्वान

दिगम्बर खुशाल भारती महाराज ने मतदान दिवस 25 नवम्बर पर अधिक से अधिक मतदान का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। उन्होंने सर्व समाज से लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान रूपी आहुति अवश्य अर्पित करने का आह्वान किया है।

**रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# जैन सोशल ग्रुप अप टू डेट द्वारा सामाजिक कार्यक्रम आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप अप टू डेट द्वारा आज अपने सामाजिक सरोकारो के कार्यक्रम की श्रृंखला में कई आयोजन किये गए । पत्रकार कॉलोनी स्थित टेउराम गौशाला में दिन में गायों को चारा वितरण किया गया । इसके पश्चात अपना घर आश्रम में जरूरतमंदों हेतु फल और सब्जियों का वितरण भी किया गया । शाम को भजन संध्या और भक्तामर के पाठ का आयोजन भी किया गया ।कार्यक्रम के पुण्यार्जक अजय - मोना रहे जिनके द्वारा अपनी माता जी स्वर्गीय श्रीमती प्रेमलता की स्मृति में उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर यह पुनीत कार्य किया गया । यह जानकारी देते हुए ग्रुप अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन और सचिव विवेक कासलीवाल ने बताया कि इस अवसर पर डॉ राजीव - अंजू जैन , नरेंद्र-स्वाति जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।